कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 13-04-2024

विषयः- 25000 का ईनामिया गौ-तश्कर थाना लंका पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से 0.12 बोर का तमन्चा एवं कारतूस बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0362/2023 धारा- 429 भा0द0वि0 व 5/3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त साजिद पुत्र अमीनुद्दीन निवासी गौसिया मस्जिद के पास मिरधान थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र 24 वर्ष को दिनांक- 13.04.2024 को रविदास पार्क के पीछे बबुरानी के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.12 बोर बरादमद हुआ । बरामद तमन्चा व कारतूस के सम्बन्ध में थाना लंका पर मु0अ0सं0- 0144/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना विवरणः- दिनांक- 13.04.2024 को संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग, वांछित/ पुरस्कार घोषित अभियुक्तो की तलाश के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाने से सम्बन्धित मुकदमे का इनामिया अभियुक्त रविदास पार्क की तरफ आ रहा है । सूचना पाकर थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर एक व्यक्ति को घेरघार कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक अदद तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.12 बोर बरामद हुआ ।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि मैं गौ तस्करी करता हूँ तथा मेरे खिलाफ लंका थाने में गौ तस्करी का मुकदमा दर्ज है । उसी मुकदमे में गिरफ्तारी के डर से मैं पुलिस से छिप कर रह रहा था तथा आज मैं अपने वकील से जमानत के सिलसीले में मिलने जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया एवं कब्जे से बरामद तमन्चा व कारतूस के सम्बन्ध में पूछताछ पर बताया कि यह तमन्चा व कारतूस मैने अपनी सुरक्षा के लिए रखा है इसके डर से कोई मुझसे उलझता नहीं है और मैं अपना काम आसानी से कर पाता हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. साजिद पुत्र अमीनुद्दीन निवासी गौसिया मस्जिद के पास मिरधान थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र 24 वर्ष ।

विवरण बरामदगी एक अदद तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.12 बोर बरामद ।

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान</u>- दिनांक गिरफ्तारी 13.04.2024 को रविदास पार्क के पीछे बबुरानी के पास से, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -

1. मु0अ0सं0 0144/2024 धारा 3/ 25 आर्म्स एक्ट थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0362/2023 धारा 429 भा0द0वि0 व 5/3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शिवाकर मिश्रा चौकी इंचार्ज बीएचयू, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 रोहित सिंह यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सूर्य प्रकाश, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सत्येन्द्र गौंड, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।